www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

# छत्तीसगढ़ हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा, 2015

## अनसॉल्व्ड पेपर्स (कॉमर्स ग्रुप) कक्षा—XII

### हिन्दी मीडियम

### विषय–हिन्दी विशिष्ट Set-A

**निर्देश :** (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। कुल 25 प्रश्न हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ है। खण्ड (अ) में 5 अंक बहुविकल्पीय एवं खण्ड (ब) में 5 अंक रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए निर्धारित हैं। कुल 10 अंक हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 में 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 30 शब्द है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 में 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 50 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 में 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 में 5 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा 100 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 में 8 अंक निर्धारित हैं। निबंध लेखन में शब्द-सीमा 250 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

1. **खण्ड (अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) कवित्त छंद में ………… वर्ण होते हैं।

(अ) 31 (ब) 22
(स) 24 (द) 26

(ii) रामधारी सिंह 'दिनकर' ………… के कवि हैं।

(अ) छायावाद (ब) प्रगतिवाद
(स) प्रयोगवाद (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) लौटते समय बांबी ने चुरकी को दिया :

(अ) रुपये (ब) मोती
(स) चावल (द) त्रिशूल

(iv) 'उसने कहा था' गद्य की कौन-सी विधा है?

(अ) आत्मकथा (ब) उपन्यास
(स) जीवनी (द) कहानी

(v) हंसा पय को काढ़ि ले छीर ………… निरवार।

(अ) पीर (ब) मछली
(स) नीर (द) कीट

1. **खण्ड (ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(i) 'संत शैल सम उच्च है किन्तु प्रकृति सुकुमार' इसमें ………… अलंकार है।

(ii) महादेवी जी को चीनी ने ………… कहा जिससे उन्हें क्रोध आ गया।

(iii) रौंदे और जाते जाने पर मिट्टी ………… रूप में बदल जाती है।

(iv) 'आशा सर्ग' ………… महाकाव्य से लिया गया है।

(v) लहनासिंह ………… देश की ओर से युद्ध कर रहा था।

2. गाली को क्यों नहीं उलटना चाहिए?

3. श्रद्धालु मंदिर क्यों जाते हैं?

4. आदिवासी कौन-सी खेती करते हैं?

5. म्यांमार (बर्मा) देश की जलवायु के विषय में नौजवानों की क्या शिकायत थी?

6. मुक्त छंद की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

7. कोष्ठक में दिए गए निर्देश के अनुसार वाक्यों को परिवर्तित कीजिए :

(i) जो व्यक्ति परिश्रमी होता है। उसकी सभी प्रशंसा करते हैं। (सरल वाक्य में बदलिए)

(i) राम घर में है ? (संदेहवाचक वाक्य में बदलिए)

8. श्रद्धा किसे कहते हैं ?

9. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) एक तीर से दो निशाने (ii) आगबबूला होना
(iii) अंधे की लाठी

10. 'सूखी डाली' एकांकी के अनुसार बेला दु:खी क्यों है?

11. वियोगी हरि सर्वहार के लिए एक विश्वमंदिर बनाए जाने की अभिलाषा क्यों करते हैं?

12. प्रगतिवाद की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।

13. कवि दिनकर समाज में क्यों परिवर्तन लाना चाहते हैं? लिखिए।

14. लोग निंदक क्यों बन जाते हैं? निंदा की प्रवृति से बचने के उपाय लिखिए।

**अथवा**

लोकमान्य तिलक को जेल में किन यंत्रणाओं सेग गुजरना पड़ा?

15. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला **अथवा** घनानंद का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए :

(i) रचनाएँ (कोई दो) (ii) भावपक्ष तथा कलापक्ष (तीन विशेषताएँ)

a2zsubjects.com a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com

www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

16. पं. चंद्रधर शर्मा गुलेरी अथवा पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी का परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर दीजिए :
(i) रचनाएँ ( कोई **दो**)
(ii) भाषाशैली (**तीन** विशेषताएँ)
(iii) साहित्य में स्थान

17. श्रद्धा और प्रेम में कोई **चार** अंतर लिखिए।

**अथवा**

स्थूल रूप से श्रद्धा कितने प्रकार की होती है? प्रकारों को संक्षेप में समझाइए।

18. विराट सत्ता के विषय में मनु के चिंतन को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'इंद्रनीलमणि महाचषक' के आशय को स्पष्ट कीजिए।

19. पद्मावली के सौंदर्य का सरोवेर पर क्या प्रभाव पड़ा?

**अथवा**

मिट्टी और मनुष्य के अटूट संबंध के विषय में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

20. किसी **एक** गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग तथा विशेष सहित व्याख्या कीजिए:
''तरुणों के लिए जैसे भविष्य उज्ज्वल होता है, वैसे ही वृद्धों के लिए अतीत। वर्तमान से दोनों को असंतोष होता है। तरुण भविष्य को वर्तमान में लाना चाहते हैं और वृद्ध अतीत को खींचकर वर्तमान में देखना चाहते हैं। तरुण क्रांति के समर्थक होते हैं और वृद्ध अतीत गौरव के संरक्षक। इन्हीं दोनों के कारण वर्तमान सदैव क्षुब्ध रहता है और इसी से वर्तमान काल सदैव सुधारों का काल बना रहता है।''

**अथवा**

निंदा की ऐसी ही महिमा है। दो-चार निंदकों को एक जगह बैठाकर निंदा में निमग्न देखिए और तुलना कीजिए दो-चार ईश्वर-भक्तों से जो रामधुन गा रहे हैं। निंदकों की सी एकाग्रता, परस्पर आत्मीयता, निमग्नता भक्तों में दुर्लभ है। इसलिए संतों ने निंदकों को 'आंगन कुटी छबाय' पास रखने की सलाह दी है।''

21. अपने छोटे भाई प्रबुद्ध को एक पत्र लिखिए जिसमें उसे शाला के साहित्यिक तथा विज्ञान संबंधी कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया हो।

**अथवा**

बिलासुपर नगर के सहायक मंत्री को जल की अनियमित पूर्ति के लिए एक शिकायती पत्र लिखिए।

22. किसी **एक** पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग तथा विशेष सहित व्याख्या कीजिए :
''सोना, सज्जन, साधु जन टूटि जुरै सौ बार।
दुर्जन कुंभ कुंभार के एकै धका दरार।।
दुर्लभ मानुष जनम है, देह न बारंबार।
तरुवर-ज्यों पत्ता झड़े, बहुरि न लागै डार।।''

**अथवा**

''असफलता का धूल-कचरा ओढ़े हूँ
इसलिए कि वह चक्करदार जीनों पर मिलती है
छलछद्म धन की।
किन्तु मैं सीधी-सादी पटरी-पटरी दौड़ा हूँ
जीवन की।''

23. चीनी फेरीवाला अपने देश वापस क्यों चला गया? महादेवी वर्मा ने उसे किस प्रकार सहायता की?

**अथवा**

गिरहटकों के गिरोह में चीनी फेरीवाला को क्या-क्या अनुभव हुए। इन अनुभवों से उसने क्या सीखा?

24. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्ही **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
कपाल अर्थात् मस्तिष्क और भाति का अर्थ होता है तेज। जिस प्राणायाम को करने से माथे पर तेज बढ़ता हो वह कपालभाति प्राणायाम हैं इसमें श्वास को शक्तिपूर्वक बाहर छोड़ते हैं। श्वास को भरने के लिए प्रयत्न नहीं करते । ऐसा करते हुए पेट में भी आकुंचन व प्रसारण की क्रिया होती है। इस प्राणायाम को न्यूनतम 5 मिनट आवश्य करना चाहिए। कपालभाति प्राणायाम से मस्तिष्क तथा मुख्य पर तेज, आभा तथा सौंदर्य बढ़ता है। मोटापा, मधुमेय, अम्लपित्त जैसे रोग दूर होते हैं।
(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
(ii) कपालभाति प्राणायाम का क्या अर्थ है?
(iii) कपालभाति प्राणायाम कैसे किया जाता है?
(iv) इस प्राणायाम को कम से कम कितनी देर तक अवश्य करना चाहिए?
(v) इस प्राणायाम से कौन-से रोग दूर होते हैं?

25. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए :
(i) पर्यावरण संकट
(ii) भारतीय संस्कृति का महत्व
(iii) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व
(iv) स्वच्छता अभियान में छात्रों की भूमिका
(v) आधुनिक भारतीय महिला

a2zsubjects.com a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com